सार्वजनिक नीलामी सूचना

रोहतक –

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय प्रभारी अधिकारी, केन्द्रीय पशु पंजीकरण योजना, भारत सरकार, मत्स्यपालन पशुपालन और डेयरी मंत्रालय, पशुपालन और डेयरी विभाग, 44 ए /29, चाण्कयपुरी शीला बाइपास, रोहतक द्वारा एक अनुपयोगी वाहन बजाज टेम्पो ट्रेवलर (माडल 2000) पंजीकरण संख्या HR 46 A 8073 एंव अन्य अनुपयोगी सामान जहां है जैसा है की सार्वजनिक नीलामी दिनांक 08/10/2020 को प्रातः 11.00 बजे की जावेगी ।

इच्छुक व्यक्ति/फर्म चाहे तो वाहन तथा अन्य अनुपयोगी सामान का निरीक्षण कार्यालय परिसर में दिनांक 03/10/2020 से 07/10/2020 के मध्य प्रातः 10.30 से 17.00 बजे के बीच कर सकते है ।

इच्छुक व्यक्ति/फर्म बोली लगाने से पहले अपना फोटो लगा पहचान पत्र (स्व प्रमाणित आधर कार्ड/वोटर कार्ड/ड्राइविंग लाइसेन्स आदि) और बतौर अमानत राशि रूपये 4000/–(रूपये चार हजार मात्र) नगद जमा करवा कर नीलामी में भाग ले सकेगें । निलामी में केन्द्रीय पशु पंजीकरण योजना,रोहतक के कोई कर्मचारी भाग नहीं ले सकेगें । जिस व्यक्ति/फर्म की बोली अधिक होगी उस व्यक्ति/फर्म के नाम से बोली छोडी जाएगी । बोली छुटने के बाद यदि बोली दाता को किसी प्रकार की कोई आपत्ती है तो उस पर कोई विचार नहीं किया जाएगा । जिस व्यक्ति/फर्म के नाम बोली छूटेगी उस व्यक्ति/फर्म को कुल बोली की 25 प्रतिशत राशि तुरन्त कार्यालय में जमा करवानी होगी । शेष राशि 02 कार्य दिवस के अन्दर अन्दर जमा करवा कर उक्त वाहन तथा अन्य अनुपयोगी सामान को कार्यालय परिसर से ले कर जाना होगा।

बोली की अन्य नियम व शर्ते बोली लगाने से पूर्व सूचित कर दी जाएगी । अगर उपरोक्त पर बिक्री कर/जी.एस.टी./सरचार्ज अन्य कर इत्यादि लगता है तो वह बोली दाता को स्वंय अलग से नियमानुसार वहन करना होगा ।

बोली में भाग लेने वाले समस्त व्यक्तियों को सरकार द्वारा Covid-19 के बारे में जारी नियमों का पालन करना अनिवार्य है (जैसे मुह पर मास्क लगाना, निर्धारित दूरी का पालन करना, हाथों को बारबार धोना अथवा सेनेटाइज करना आदि)

प्रभारी अधिकारी ,केन्द्रीय पशु पंजीकरण योजना,रोहतक को बिना कोई करण बताए किसी भी बोली को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित है।

(बलबीर गैना)
प्रभारी अधिकारी
केन्द्रीय पशु पंजीकरण योजना,रोहतक

कमांक 2–4/2020/प्रशा./ दिनांक 01/10/2020

To

webupdation-dadf@gov.in for upload on dahd.nic.in please